# माता-पिता और बच्चों के विशेष शिक्षा अधिकार

## विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम, भाग बी और कैलिफोर्निया शिक्षा संहिता के तहत

# प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की सूचना

**अक्टूबर 2016 में संशोधित**

नोट: इस पूरे दस्तावेज़ में स्कूल डिस्ट्रिक्ट (जिला) शब्द का प्रयोग आपके बच्चे के लिए विशेष शिक्षा कार्यक्रम प्रदान करने के लिए जिम्मेदार किसी भी सार्वजनिक शिक्षा एजेंसी को वर्णित करने के लिए किया गया है। शब्द आकलन का अर्थ मूल्यांकन या परीक्षण के लिए किया गया है। इस पूरे नोटिस में अंग्रेजी संक्षिप्ताक्षरों का उपयोग करके संघीय और राज्य कानूनों को उद्धृत किया गया है, जिन्हें इस अधिसूचना के अंतिम पृष्ठ पर एक शब्दावली में समझाया गया है।

### प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायो की सूचना क्या है?

यह जानकारी आपको, तीन (3) वर्ष की आयु से इक्कीस (21) वर्ष की आयु के विकलांग बच्चों के माता-पिता, कानूनी अभिभावक और सरोगेट माता-पिता के रूप में, और वे छात्र जो अठारह (18) वर्ष की, वयस्कता की आयु तक पहुँच चुके हैं, उनके लिए आपके शैक्षिक अधिकारों या प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के अवलोकन प्रदान करती है।

प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों की सूचना विकलांग शिक्षा अधिनियम (अंग्रेजी में, जिसे IDEA - आईडीईए कहा जाता है) के तहत आवश्यक है और आपको प्रदान की जानी चाहिए जब:

- जब आप एक प्रति मांगते हैं
- पहली बार जब आपके बच्चे को विशेष शिक्षा मूल्यांकन के लिए भेजा जाता है
- हर बार जब आपको अपने बच्चे का मूल्यांकन करने के लिए एक आकलन योजना दी जाती है
- एक स्कूल वर्ष में पहली राज्य या नियत प्रक्रिया शिकायत प्राप्त होने पर, और
- जब हटाने का निर्णय लिया जाता है जिसमें प्लेसमेंट में बदलाव का गठन होता है

(20 USC 1415[d]; 34 CFR 300.504; EC 56301[d] [2], EC 56321, और 56341.1[g] [1])

### विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम (IDEA) क्या है?

IDEA एक संघीय कानून है जिसमें स्कूल जिलों को विकलांग बच्चों को "मुफ्त उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा" (अंग्रेजी में, FAPE के रूप में संदर्भित किया जाता है) प्रदान करने की आवश्यकता है। मुफ्त उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा का मतलब है कि विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं को एक व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम (अंग्रेजी में, IEP के रूप में जाना जाता है) में वर्णित तरीके से और आपके बच्चे को बिना किसी कीमत के सार्वजनिक पर्यवेक्षण के तहत प्रदान किया जाना है।

### क्या मैं अपने बच्चे की शिक्षा के बारे में निर्णयों में भाग ले सकता/सकती हूँ?

आपको अपने बच्चे के विशेष शिक्षा कार्यक्रम के संबंध में किसी भी निर्णय लेने वाली बैठक में भाग लेने के अवसर दिए जाने चाहिए। आपको अपने बच्चे की पहचान (पात्रता), आकलन, या शैक्षिक प्लेसमेंट और आपके बच्चे के FAPE से संबंधित अन्य मामलों के बारे में IEP टीम मीटिंग में भाग लेने का अधिकार है। (20 USC 1414[d] [1]B–[d][1][D]; 34 CFR 300.321; EC 56341[b], 56343[c])

माता-पिता या अभिभावक, या स्थानीय शैक्षिक एजेंसी (LEA) को IEP के विकास में भाग लेने और आईईपी टीम की

बैठको को इलेक्ट्रॉनिक रूप से ऑडियो टेप करने के अपने इरादे को शुरू करने का अधिकार है

। बैठक से कम से कम 24 घंटे पहले, माता-पिता या अभिभावक को आईईपी टीम के सदस्यों को बैठक रिकॉर्ड करने के उनके इरादे के बारे में सूचित करना होगा। यदि माता-पिता या अभिभावक IEP बैठक की LEA ऑडियोटेप रिकॉर्डिंग के लिए सहमति नहीं देते हैं, तो बैठक को ऑडियो टेप रिकॉर्डर पर रिकॉर्ड नहीं किया जाएगा।

आपके अधिकारों में FAPE की उपलब्धता के बारे में जानकारी शामिल है, जिसमें सभी कार्यक्रम विकल्प, और सार्वजनिक और गैर-सार्वजनिक दोनों प्रकार के सभी उपलब्ध वैकल्पिक कार्यक्रम शामिल हैं। (20 USC 1401[3], 1412[a][3]; 34 CFR 300.111; EC 56301, 56341.1[g][1], and 56506)

## मुझे अधिक सहायता कहां मिल सकती है?

जब आप अपने बच्चे की शिक्षा के बारे में चिंतित होते हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि आप अपने बच्चे और जो भी समस्या आपको दिखाई देती है उसके बारे में बात करने के लिए अपने बच्चे के शिक्षक या व्यवस्थापक से संपर्क करें। आपके स्कूल जिले या विशेष शिक्षा स्थानीय योजना क्षेत्र (SELPA) के कर्मचारी आपके बच्चे की शिक्षा, आपके अधिकारों और प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के बारे में सवालों के जवाब दे सकते हैं। साथ ही, जब आपको कोई चिंता होती है, तो यह अनौपचारिक बातचीत अक्सर समस्या का समाधान करती है और खुले संचार को बनाए रखने में सहायता करती है।

आप कैलिफोर्निया के किसी माता-पिता संगठन (पारिवारिक अधिकारिता केंद्र और अभिभावक प्रशिक्षण संस्थान) से भी संपर्क करना चाह सकते हैं, जिन्हें शैक्षिक प्रणाली में सुधार के लिए माता-पिता और शिक्षकों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए विकसित किया गया था। इन संगठनों के लिए संपर्क जानकारी CDE विशेष शिक्षा कैलिफोर्निया माता-पिता संगठन के वेब पेज http://www.cde.ca.gov/sp/se/qa/caprntorg.asp पर पाई जाती है।

प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों को समझने में आपकी मदद करने के लिए इस दस्तावेज़ के अंत में अतिरिक्त संसाधन की सूची उपलब्ध हैं।

## यदि मेरा बच्चा बधिर, ऊंचा सुनने वाला, द्रष्टिहीन, दृष्टिबाधित या बधिर-द्रष्टिहीन है तो क्या?

स्टेट स्पेशल स्कूल्स बधिर, ऊंचा सुनने वाले, द्रष्टिहीन, द्रष्टिबाधित, या बधिर-द्रष्टिहीन छात्रों को अपनी तीन सुविधाओं में से प्रत्येक में सेवाएं प्रदान करते हैं: फ्रेमोंट और रिवरसाइड में कैलिफोर्निया स्कूल फॉर द डेफ में, और फ्रेमोंट में कैलिफोर्निया स्कूल फॉर द ब्लाइंड में। बधिरों के लिए दोनों स्टेट स्कूल्स में शैशवावस्था से 21 वर्ष की आयु तक के छात्रों के लिए आवासीय और दिनभर के स्कूल कार्यक्रम की पेशकश की जाती है। इस तरह के कार्यक्रम कैलिफोर्निया स्कूल फॉर द ब्लाइंड में पांच से 21 वर्ष की आयु के छात्रों के लिए पेश किए जाते हैं। स्टेट स्पेशल स्कूल्स आकलन सेवाएं और तकनीकी सहायता भी प्रदान करते हैं। स्टेट स्पेशल स्कूलों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया कैलिफोर्निया शिक्षा विभाग (CDE) की वेब साइट http://www.cde.ca.gov/sp/ss/ पर जाएं या आपके बच्चे की IEP टीम के सदस्यों से अधिक जानकारी के लिए पूछें।

# नोटिस, सहमति, आकलन, सरोगेट माता-पिता की नियुक्ति, और रिकॉर्ड तक पहुंच

## पूर्व लिखित सूचना

### नोटिस की आवश्यकता कब होती है?

यह नोटिस तब दिया जाना चाहिए जब स्कूल जिला विशेष जरूरतों वाले आपके बच्चे की पहचान, आकलन, या शैक्षिक स्थान में बदलाव या मुफ्त उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा के प्रावधान में बदलाव का प्रस्ताव करता है या बदलाव शुरू करने के लिए मना करता है। (20 USC 1415[b][3] और (4), 1415[c][1], 1414[b][1]; 34 CFR 300.503; EC 56329 और 56506[a])

मूल्यांकन के लिए आपके लिखित अनुरोध के पंद्रह (15) दिनों के भीतर स्कूल जिले को आपको लिखित नोटिस या आकलन योजना में आपके बच्चे के प्रस्तावित मूल्यांकन के बारे में सूचित करना होगा। नोटिस समझने योग्य और आपकी मूल भाषा या संचार के अन्य माध्यम में होना चाहिए, जब तक कि ऐसा करना स्पष्ट रूप से संभव न हो। (34 CFR 300.304; EC 56321)

### नोटिस मुझे क्या बताएगा?

पूर्व लिखित सूचना यानि नोटिस में निम्नलिखित शामिल होना चाहिए:

1. स्कूल जिले द्वारा प्रस्तावित या अस्वीकार की गई कार्रवाई का विवरण
2. कार्रवाई का प्रस्ताव या इनकार क्यों किया गया, इसका स्पष्टीकरण
3. प्रस्तावित या अस्वीकार की गई कार्रवाई के लिए आधार के रूप में उपयोग की जाने वाली एजेंसी की प्रत्येक आकलन प्रक्रिया, रिकॉर्ड या रिपोर्ट का विवरण
4. एक बयान कि विकलांग बच्चे के माता-पिता को प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के तहत सुरक्षा प्राप्त है
5. इस भाग के प्रावधानों को समझने में सहायता प्राप्त करने के लिए माता-पिता से संपर्क करने के स्रोत
6. अन्य विकल्पों का विवरण जिन पर IEP टीम ने विचार किया और उन विकल्पों को अस्वीकार करने के कारण; तथा
7. प्रस्तावित या अस्वीकार की गई कार्रवाई के लिए प्रासंगिक किन्हीं अन्य कारकों का विवरण। (20 USC 1415[b][3] और [4], 1415[c][1], 1414[b][1]; 34 CFR 300.503)

## माता-पिता की सहमति

### आकलन के लिए मेरी स्वीकृति कब आवश्यक है?

आपको अपने बच्चे को विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए रेफर यानि संदर्भित करने का अधिकार है। अपने बच्चे की पहली विशेष शिक्षा मूल्यांकन आगे बढ़ने से पहले आपको सूचित, लिखित सहमति देनी होगी। माता-पिता के पास किसी निर्णय पर पहुंचने के लिए प्रस्तावित मूल्यांकन योजना की प्राप्ति से कम से कम पंद्रह (15) दिन हैं। आकलन सहमति प्राप्त होने पर तुरंत शुरू हो सकता है और आपकी सहमति के साठ (60) दिनों के भीतर इसे पूरा किया जाना चाहिए और एक IEP विकसित किया जाना चाहिए।

### सेवाओं के लिए मेरी स्वीकृति कब आवश्यक है?

इससे पहले कि आपका स्कूल जिला आपके बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान कर सके, आपको सूचित, लिखित सहमति देनी होगी।

## जब माता-पिता सहमति प्रदान नहीं करते हैं तो क्या प्रक्रियाएँ होती हैं?

यदि आप प्रारंभिक आकलन के लिए सहमति प्रदान नहीं करते हैं या सहमति प्रदान करने के अनुरोध का जवाब देने में विफल रहते हैं, तो स्कूल जिला नियत प्रक्रिया कार्रवाईओं का उपयोग करके प्रारंभिक आकलन का अनुसरण कर सकता है।

यदि आप सेवाओं की शुरुआत के लिए सहमति देने से इनकार करते हैं, तो स्कूल जिले को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान नहीं करनी चाहिए और नियत प्रक्रिया कार्रवाईओं के माध्यम से सेवाएं प्रदान करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए।

यदि आप अपने बच्चे के लिए विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के लिए लिखित रूप में सहमति देते हैं, लेकिन IEP के सभी घटकों के लिए सहमति नहीं देते हैं, तो कार्यक्रम के उन घटकों को, जिनके लिए आपने सहमति दी है, उन्हें बिना किसी देरी के लागू किया जाना चाहिए।

यदि स्कूल जिला यह निर्धारित करता है कि प्रस्तावित विशेष शिक्षा कार्यक्रम घटक जिसके लिए आप सहमति नहीं देते हैं, उसे आपके बच्चे को मुफ्त उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक है, तो एक नियत प्रक्रिया सुनवाई शुरू की जानी चाहिए। यदि नियत प्रक्रिया सुनवाई रखी जाती है, तो सुनवाई का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

पुनर्मूल्यांकन के मामले में, स्कूल जिले को आपकी सहमति प्राप्त करने के लिए उचित उपायों का दस्तावेजीकरण करना चाहिए। यदि आप जवाब देने में विफल रहते हैं, तो स्कूल जिला आपकी सहमति के बिना पुनर्मूल्यांकन के साथ आगे बढ़ सकता है। (20 USC 1414[a][1][D] और 1414[c]; 34 CFR 300.300; EC 56506[e], 56321[c] और [d], और 56346).

## मैं सहमति कब रद्द कर सकता/सकती हूं?

यदि किसी भी समय विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के प्रारंभिक प्रावधान के बाद, किसी बच्चे के माता-पिता विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के निरंतर प्रावधान के लिए लिखित रूप में सहमति को रद्द कर देते हैं, तो सार्वजनिक एजेंसी:

1. बच्चे को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान करना जारी नहीं रख सकता है, लेकिन ऐसी सेवाओं को बंद करने से पहले 34 CFR धारा 300.503 के अनुसार पूर्व लिखित सूचना प्रदान करनी चाहिए।
2. बच्चे को सेवाएं प्रदान की जाए ऐसा अनुबंध या विनिर्णय प्राप्त करने के लिए भाग 300 34 CFR (34 CFR धारा 300.506 के तहत मध्यस्थता प्रक्रियाओं या 34 CFR धारा 300.507 से 300.516 के तहत नियत प्रक्रिया कार्रवाईओं सहित) के उप-भाग E में प्रक्रियाओं का उपयोग नहीं कर सकती है
3. को बच्चे को आगे विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान करने में विफलता के कारण बच्चे को मुफ्त उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा (FAPE) उपलब्ध कराने की आवश्यकता का उल्लंघन करता हुआ नहीं माना जाएगा।
4. को विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं के प्रावधान के लिए बच्चे के लिए 34 CFR धारा 300.320 और 300.324 के तहत IEP टीम की बैठक बुलाने या IEP विकसित करने की आवश्यकता नहीं है।

कृपया ध्यान दें, 34 CFR धारा 300.9 (c)(3) के अनुसार, यदि माता-पिता बच्चे को शुरू में विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्रदान करने के बाद विशेष शिक्षा सेवाओं की प्राप्ति के लिए लिखित रूप में सहमति को रद्द करते हैं, तो सार्वजनिक एजेंसी को सहमति के निरसन के कारण बच्चे की विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाओं की प्राप्ति के किसी भी संदर्भ को हटाने के लिए बच्चे के शिक्षा रिकॉर्ड में संशोधन करना आवश्यक नहीं है।

## सरोगेट माता-पिता की नियुक्ति

### यदि माता-पिता की पहचान या पता नहीं लगाया जा सकता है तो क्या होगा?

स्कूल जिलों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक हैं कि एक विकलांग बच्चे के माता-पिता के लिए एक व्यक्ति को सरोगेट माता-पिता के रूप में कार्य करने के लिए सौंपा गया है, जब माता-पिता की पहचान नहीं की जा सकती है और स्कूल जिला माता-पिता के ठिकाने का पता नहीं लगा सकता है।

एक सरोगेट माता-पिता को तब भी नियुक्त किया जा सकता है यदि बच्चा एक बेसहारा बेघर युवा है, राज्य कल्याण और संस्थान संहिता के तहत अदालत निर्णीत आश्रित या वार्ड है, और विशेष शिक्षा के लिए संदर्भित है या पहले से ही उसके पास एक IEP है। (20 USC 1415[b][2] ; 34 CFR 300.519; EC 56050; GC 7579.5 और 7579.6)

## गैर-भेदभावपूर्ण आकलन

### विशेष शिक्षा सेवाओं के लिए मेरे बच्चे का आकलन कैसे किया जाता है?

आपको अपने बच्चे का संदिग्ध विकलांगता के सभी क्षेत्रों में आकलन करवाने का अधिकार है। आकलन और प्लेसमेंट के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री और प्रक्रियाएं नस्लीय, सांस्कृतिक या यौन रूप से भेदभावपूर्ण नहीं होनी चाहिए।

आकलन सामग्री प्रदान की जानी आवश्यक हैं और परीक्षण आपके बच्चे की मूल भाषा या संचार के तरीके में और बच्चा शैक्षिक, विकासात्मक और कार्यात्मक रूप से क्या जानता है इसकी सटीक जानकारी प्रदान करे इस तरह से प्रशासित किया जाना चाहिए, जब तक कि इस तरह से प्रदान करना या प्रशासित करना स्पष्ट रूप से संभव न हो।

आपके बच्चे के लिए पात्रता निर्धारित करने और FAPE विकसित करने के लिए कोई एकल प्रक्रिया एकमात्र मानदंड नहीं हो सकती है।] (20 USC 1414[b][1]–[3], 1412[a][6][B]; 34 CFR 300.304; EC 56001[j] और 56320)

## स्वतंत्र शैक्षिक आकलन

### क्या मेरे बच्चे का जिले के खर्चे पर स्वतंत्र रूप से परीक्षण किया जा सकता है?

यदि आप स्कूल जिले द्वारा किए गए आकलन के परिणामों से असहमत हैं, तो आपको सार्वजनिक खर्च पर आकलन करने के लिए योग्य व्यक्ति से अपने बच्चे के लिए एक स्वतंत्र शैक्षिक आकलन मांगने और प्राप्त करने का अधिकार है।

जब भी सार्वजनिक एजेंसी एक मूल्यांकन करती है और उससे माता-पिता असहमत होते हैं, तब माता-पिता सार्वजनिक खर्च पर केवल एक स्वतंत्र शैक्षिक मूल्यांकन के हकदार होते हैं।

स्कूल जिले को एक स्वतंत्र शैक्षिक आकलन के लिए आपके अनुरोध का जवाब देना आवश्यक है और आपको यह जानकारी प्रदान करनी चाहिए कि एक स्वतंत्र शैक्षिक आकलन कहाँ से प्राप्त करें।

यदि स्कूल डिस्ट्रिक्ट का मानना है कि जिले का आकलन उपयुक्त है और स्वतंत्र आकलन की आवश्यकता के विषय में असहमत है, तो स्कूल डिस्ट्रिक्ट को नियत प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करना ही चाहिए ताकि यह साबित हो सके कि उनका आकलन उचित था। यदि जिले की जीत होती है, तब भी आपके पास एक

स्वतंत्र आकलन का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक खर्च पर नहीं। IEP टीम को स्वतंत्र आकलन पर विचार करना आवश्यक है।

जिला आकलन प्रक्रियाएं छात्रों के कक्षा के अंदर अवलोकन की अनुमति देती हैं। यदि स्कूल जिला एक आकलन के दौरान आपके बच्चे को उनकी कक्षा में देखता है, या यदि स्कूल जिले को आपके बच्चे का निरीक्षण करने की अनुमति दी जाती है, तो एक स्वतंत्र शैक्षिक आकलन करने वाले व्यक्ति को भी कक्षा में आपके बच्चे का निरीक्षण करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

यदि स्कूल जिला आपके बच्चे के लिए एक नई स्कूल सेटिंग का प्रस्ताव करता है और एक स्वतंत्र शैक्षिक आकलन किया जा रहा है, तो स्वतंत्र आकलनकर्ता को पहले प्रस्तावित नई सेटिंग का अवलोकन करने की अनुमति दी जानी चाहिए। (20 USC 1415[b][1] and [d][2][A]; 34 CFR 300.502; EC 56329[b] और [c])

## शैक्षिक रिकॉर्ड तक पहुंच

### **क्या मैं अपने बच्चे के शैक्षिक रिकॉर्ड की जांच कर सकता/सकती हूं**?

आपके पास अपने बच्चे के IEP के बारे में बैठक से पहले या नियत प्रक्रिया सुनवाई से पहले के सहित, अनावश्यक देरी के बिना अपने बच्चे के सभी शिक्षा रिकॉर्ड का निरीक्षण और समीक्षा करने का अधिकार है। यदि अनुरोध किया गया हो, तो मौखिक या लिखित रूप से अनुरोध किए जाने के पांच (5) **व्यावसायिक** दिनों के भीतर, स्कूल जिले को आपको रिकॉर्ड और प्रतियों तक पहुंच प्रदान करनी होगी। (EC 49060, 56043[n], 56501[b][3], और 56504)

# विवाद कैसे सुलझाए जाते हैं

## नियत प्रक्रिया सुनवाई

### **नियत प्रक्रिया सुनवाई कब उपलब्ध होती है**?

आपके पास अपने बच्चे की पहचान, मूल्यांकन और शैक्षिक प्लेसमेंट या FAPE के प्रावधान के संबंध में निष्पक्ष नियत प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने का अधिकार है। नियत प्रक्रिया सुनवाई के लिए अनुरोध उस तारीख से दो साल के भीतर दायर किया जाना चाहिए, जब आप नियत प्रक्रिया शिकायत का आधार बनने वाली उस कथित कार्रवाई के बारे में आप जानते थे या आपको जानना चाहिए था। (20 USC 1415[b][6]; 34 CFR 300.507; EC 56501 और 56505[l])

## मध्यस्थता और वैकल्पिक विवाद समाधान

### **क्या मैं विवाद को सुलझाने के लिए मध्यस्थता या वैकल्पिक तरीके का अनुरोध कर सकता/सकती हूं**?

मध्यस्थता के लिए अनुरोध एक नियत प्रक्रिया सुनवाई के अनुरोध के पहले या बाद में किया जा सकता है।

आप स्कूल डिस्ट्रिक्ट से मध्यस्थता या वैकल्पिक विवाद समाधान (ADR) के माध्यम से विवादों को हल करने के लिए कह सकते हैं, जो कि नियत प्रक्रिया सुनवाई से कम प्रतिकूल है। ADR और मध्यस्थता किसी विवाद को सुलझाने के स्वैच्छिक तरीके हैं और इसका उपयोग नियत प्रक्रिया सुनवाई के आपके अधिकार में देरी के लिए नहीं किया जा सकता है।

### **एक पूर्व-सुनवाई मध्यस्थता सम्मेलन क्या है**?

नियत प्रक्रिया सुनवाई के लिए अनुरोध दायर करने से पहले आप मध्यस्थता के माध्यम से समाधान मांग सकते हैं। सम्मेलन एक अनौपचारिक कार्यवाही है जो एक बच्चे की पहचान, मूल्यांकन, या शैक्षिक प्लेसमेंट या एक FAPE से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए एक गैर-प्रतिकूल तरीके से आयोजित की जाती है।

पूर्व-सुनवाई मध्यस्थता सम्मेलन में, माता-पिता या स्कूल जिले के साथ और गैर-वकील प्रतिनिधियों द्वारा सलाह दी जा सकती है और सम्मेलन से पहले या बाद में एक

वकील से परामर्श कर सकते हैं। हालांकि, एक पूर्व-सुनवाई मध्यस्थता सम्मेलन में अनुरोध करना या भाग लेना नियत प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध करने के लिए एक पूर्वशर्त नहीं है।

पूर्व-सुनवाई मध्यस्थता सम्मेलन के लिए सभी अनुरोध अधीक्षक के पास दायर किए जाएंगे। पक्ष अधीक्षक के साथ एक लिखित अनुरोध दर्ज करके पूर्व-सुनवाई मध्यस्थता सम्मेलन शुरू करने वाला पक्ष मध्यस्थता के लिए दूसरे पक्ष को अनुरोध की एक प्रति उसी समय प्रदान करेगा जब अनुरोध दायर किया गया हो।

पूर्व-सुनवाई मध्यस्थता सम्मेलन मध्यस्थता के अनुरोध के अधीक्षक द्वारा प्राप्त होने के पंद्रह (15) दिनों के भीतर निर्धारित किया जाएगा और मध्यस्थता के लिए अनुरोध प्राप्त होने के तीस (30) दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा जब तक कि दोनों पक्ष समय बढ़ाने के लिए सहमत न हों। यदि किसी समाधान पर पहुंचा जाता है, तो पक्ष कानूनी रूप से बाध्यकारी लिखित समझौते को निष्पादित करेंगे जो समाधान को निर्धारित करता हो। मध्यस्थता प्रक्रिया के दौरान सभी चर्चाएं गोपनीय होंगी। सभी पूर्व सुनवाई मध्यस्थता सम्मेलनों को समयबद्ध तरीके से निर्धारित किया जाएगा और पक्षो के लिए उचित रूप से सुविधाजनक समय और स्थान पर आयोजित किया जाएगा। यदि सभी पक्षों की संतुष्टि के लिए समस्याएँ हल होने में विफल रहती है, तो जिस पक्ष ने मध्यस्थता सम्मेलन का अनुरोध किया है, उसके पास नियत प्रक्रिया सुनवाई दाखिल करने का विकल्प है। ( EC 56500.3 और 56503)

## **नियत प्रक्रिया अधिकार**

### **मेरे नियत प्रक्रिया अधिकार क्या हैं**?

आपको निम्नलिखित का अधिकार है:

1. विशेष शिक्षा और प्रशासनिक सुनवाई को नियंत्रित करने वाले कानूनों के जानकार व्यक्ति के समक्ष राज्य स्तर पर न्यायोचित और निष्पक्ष प्रशासनिक सुनवाई प्राप्त करें (20 USC 1415[f][1][A], 1415[f][3][A]-[D]; 34 CFR 300.511; EC 56501[b][4])
2. एक वकील और/या विकलांग बच्चों के बारे में ज्ञान रखने वाले व्यक्तियों का साथ और सलाह पाएँ (EC 56505 [e] [1])
3. साक्ष्य, लिखित तर्क और मौखिक तर्क प्रस्तुत करें ( EC 56505[e][2])
4. गवाहों का सामना करना, जिरह करना और उनकी उपस्थित की आवश्यकता

मांगना (EC 56505[e] [3])

5. एक लिखित या, माता-पिता के विकल्प पर, सुनवाई का एक इलेक्ट्रॉनिक शब्दशः रिकॉर्ड प्राप्त करें, जिसमें तथ्य और निर्णय के निष्कर्ष शामिल हैं ( EC 56505 [e] [4])
6. अपने बच्चे को सुनवाई में उपस्थित रखना (EC 56501[c][1])
7. सुनवाई को जनता के लिए खुली या बंद रखना (EC 56501 [c] [2])
8. सुनवाई से पहले पांच (5) व्यावसायिक दिनों के भीतर सभी दस्तावेजों की एक प्रति प्राप्त करें, जिसमें उस तारीख तक आकलन और सिफारिशें, और गवाहों की एक सूची और उनकी गवाही का सामान्य क्षेत्र शामिल है (EC 56505 [e] [7] और 56043 [v])
9. सुनवाई से कम से कम दस (10) कैलेंडर दिन पहले मुद्दों और मुद्दों के उनके प्रस्तावित समाधान के अन्य पक्षों द्वारा सूचित किया जाए (EC 56505 [e] [6])
10. एक दुभाषिया प्रदान किया जाएँ (CCR 3082[d])
11. सुनवाई की समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध करें (EC 56505[f] [3])
12. नियत प्रक्रिया सुनवाई के दौरान किसी भी बिंदु पर मध्यस्थता सम्मेलन पाएँ (EC 56501[b][2]), और
13. सुनवाई से कम से कम दस दिन पहले दूसरे पक्ष से नोटिस प्राप्त करें जो दूसरा पक्ष एक वकील द्वारा प्रतिनिधित्व करने का इरादा रखता है (EC 56507[a]). (20 USC 1415[e]; 34 CFR 300.506, 300.508, 300.512 और 300.515)

1.

## लिखित नियत प्रक्रिया शिकायत दर्ज करना

### मैं एक नियत प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध कैसे करूं?

आपको नियत प्रक्रिया सुनवाई के लिए एक लिखित अनुरोध दर्ज करने की आवश्यकता है। आपको या आपके प्रतिनिधि को आपके अनुरोध में निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करने की आवश्यकता है:

1. बच्चे का नाम
2. बच्चे के निवास का पता
3. जिस स्कूल में बच्चा पढ़ रहा है उसका नाम
4. एक बेघर बच्चे के मामले में, बच्चे के लिए उपलब्ध संपर्क जानकारी और उस स्कूल का नाम जिसमें बच्चा पढ़ रहा है, और
5. समस्या(ओं) से संबंधित तथ्यों और समस्या(ओं) के प्रस्तावित समाधान सहित समस्या की प्रकृति का विवरण

संघीय और राज्य कानूनों के मुताबिक यह आवश्यकता है कि नियत प्रक्रिया सुनवाई दाखिल करने वाले किसी भी पक्ष को दूसरे पक्ष को लिखित अनुरोध की एक प्रति प्रदान करनी होगी। (20 USC 1415[b][7], 1415[c][2]; 34 CFR 300.508; EC 56502[c][1])

एक नियत प्रक्रिया सुनवाई दाखिल करने से पहले, स्कूल जिले को एक समाधान सत्र बुलाकर मामले को हल करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जो कि माता-पिता और IEP टीम के संबंधित सदस्यों के बीच एक बैठक है, जिन्हें नियत प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध में पहचाने गए तथ्यों का विशिष्ट ज्ञान है। (20 USC 1415 [f][1][B]; 34 CFR 300.510)

### समाधान सत्र में क्या शामिल है?

माता-पिता की नियत प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध की सूचना प्राप्त होने के पन्द्रह (15) दिनों के भीतर समाधान सत्र बुलाए

जाएंगे। सत्र में जिसके पास निर्णय लेने का अधिकार होगा वह स्कूल जिले का प्रतिनिधि शामिल होगा और इसमें स्कूल जिले का एक वकील शामिल नहीं होगा जब तक कि माता-पिता के साथ एक वकील न हो। बच्चे के माता-पिता नियत प्रक्रिया सुनवाई के मुद्दे और उन तथ्यों पर चर्चा कर सकते हैं जो नियत प्रक्रिया सुनवाई अनुरोध का आधार बनते हैं।

यदि माता-पिता और स्कूल जिला बैठक को छोड़ने के लिए लिखित रूप से सहमत हैं, तो समाधान सत्र की आवश्यकता नहीं है। यदि स्कूल जिले ने तीस (30) दिनों के भीतर नियत प्रक्रिया सुनवाई समस्या का समाधान नहीं किया है, तो नियत प्रक्रिया सुनवाई हो सकती है। यदि कोई समाधान हो जाता है, तो पक्ष कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौते को निष्पादित करेंगे। (20 USC 1415[f][1][B]; 34 CFR 300.510)

## **क्या कार्यवाही के दौरान मेरे बच्चे का प्लेसमेंट (नियुक्ति) बदल जाता है**?

किसी भी प्रशासनिक या न्यायिक कार्यवाही में शामिल बच्चे को वर्तमान शैक्षणिक प्लेसमेंट में ही रहना चाहिए जब तक कि आप और स्कूल जिला किसी अन्य व्यवस्था पर सहमत न हों।
यदि आप किसी पब्लिक स्कूल में अपने बच्चे के प्रारंभिक प्रवेश के लिए आवेदन कर रहे हैं, तो सभी कार्यवाही पूरी होने तक आपके बच्चे को आपकी सहमति से एक पब्लिक स्कूल कार्यक्रम में रखा जाएगा। (20 USC 1415[j]; 34 CFR 300.518; EC 56505[d])

## **क्या निर्णय की अपील की जा सकती है**?

सुनवाई का निर्णय अंतिम और दोनों पक्षों के लिए बाध्यकारी है। कोई भी पक्ष अंतिम निर्णय के 90 दिनों के भीतर राज्य या संघीय अदालत में दीवानी कार्रवाई दायर करके सुनवाई के निर्णय के खिलाफ अपील कर सकता है। (20 USC 1415[i][2] और [3][A], 1415[l]; 34 CFR 300.516; EC 56505[h] और [k], EC 56043[w])

## **मेरे वकीलों की फीस का भुगतान कौन करता है**?

नियत प्रक्रिया सुनवाई के संबंध में किसी भी कार्रवाई या कार्यवाही में, अदालत, अपने विवेक से, एक विकलांग बच्चे के माता-पिता के रूप में आपको लागत के हिस्से के रूप में उचित वकीलों की फीस दे सकती है यदि आप सुनवाई में जीतने वाला पक्ष हैं। पक्षों के समझौते के साथ, प्रशासनिक सुनवाई के समापन के बाद उचित वकीलों की फीस भी की जा सकती है। (20 USC 1415[i][3][B]–[G]; 34 CFR 300.517; EC 56507[b])

यदि निम्न में से कोई भी शर्त लागू होती है तो फीस कम की जा सकती है:

1. अदालत पाती है कि आपने विवाद के अंतिम समाधान में अनुचित रूप से देरी की
2. यथोचित तुलनीय कौशल, प्रतिष्ठा और अनुभव के वकीलों द्वारा समान सेवाओं के लिए वकीलों की प्रति घंटा फीस समुदाय में प्रचलित दर से अधिक है
3. बिताया गया समय और प्रदान की गई कानूनी सेवाएं अत्यधिक थीं, या
4. आपके वकील ने स्कूल जिले को नियत प्रक्रिया अनुरोध नोटिस में उचित जानकारी प्रदान नहीं की।

वकीलों की फीस कम नहीं की जाएगी, हालांकि, अगर अदालत को पता चलता है कि राज्य या स्कूल जिले ने कार्रवाई या कार्यवाही के अंतिम समाधान में अनुचित रूप से देरी की है या कानून के इस खंड का उल्लंघन हुआ है। (20 USC 1415[i][3][B]-[G]; 34 CFR 300.517)

IEP टीम की किसी भी बैठक से संबंधित वकीलों की फीस तब तक नहीं दी जा सकती जब तक कि एक नियत प्रक्रिया सुनवाई कार्यवाही या न्यायिक कार्रवाई के परिणामस्वरूप IEP टीम की बैठक नहीं बुलाई जाती है।
यदि आप सुनवाई शुरू होने से दस (10) दिन पहले जिला/सार्वजनिक एजेंसी द्वारा किए गए उचित निपटान प्रस्ताव को

अस्वीकार करते हैं और सुनवाई का निर्णय निपटान के प्रस्ताव से अधिक अनुकूल नहीं है, तो वकीलों की फीस का भी इनकार किया जा सकता है। (20 USC 1415[i][3][B]–[G]; 34 CFR 300.517)

**अधिक जानकारी प्राप्त करने या मध्यस्थता या नियत प्रक्रिया सुनवाई दायर करने के लिए**, **संपर्क करें**:

Office of Administrative Hearings
Attention: Special Education Division
2349 Gateway Oaks Drive, Suite 200
(प्रशासनिक सुनवाई ध्यान का कार्यालय:
विशेष शिक्षा प्रभाग 2349 गेटवे ओक्स ड्राइव,
सुइट 200)
Sacramento, CA 95833-4231 (सैक्रामेंटो, सीए 95833-4231)
(916) 263-0880
फैक्स (916) 263-0890

# विकलांग छात्रों के लिए स्कूल अनुशासन और नियुक्ति प्रक्रिया

## स्कूल अनुशासन और वैकल्पिक अंतरिम शैक्षिक सेटिंग्स

### क्या मेरे बच्चे को निलंबित या निष्कासित किया जा सकता है?

जब कोई विकलांग बच्चा छात्र आचार संहिता का उल्लंघन करता है तब बच्चे के लिए अपनी सेटिंग से निम्नलिखित पर नियुक्ति में बदलाव उपयुक्त है कि नहीं यह निर्धारित करते वक्त स्कूल कर्मी मामला-दर-मामला आधार पर किसी भी अनोखी परिस्थितियों पर विचार कर सकते हैं:

- एक उपयुक्त अंतरिम वैकल्पिक शिक्षा सेटिंग पर, दूसरी सेटिंग पर, या अधिकतम लगातार दस (10) स्कूल दिनों के लिए निलंबन, और
- दुराचार की अलग-अलग घटनाओं के लिए एक ही स्कूल वर्ष में अधिकतम लगातार दस (10) स्कूल दिनों का अतिरिक्त निष्कासन

### दस (10) दिनों से अधिक समय के निष्कासन के बाद क्या होता है?

विकलांग बच्चे को उसी स्कूल वर्ष में दस (10) स्कूल दिनों के लिए उसके वर्तमान प्लेसमेंट से निष्कासन के बाद, निष्कासन के किसी भी बाद के दिनों के दौरान सार्वजनिक एजेंसी को सामान्य शिक्षा पाठ्यक्रम और बच्चे के IEP में निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में प्रगति के लिए बच्चे को भाग लेने के लिए सक्षम करने के लिए सेवाएं प्रदान करनी चाहिए। साथ ही, एक बच्चे को, उपयुक्त के रूप में, एक कार्यात्मक व्यवहारात्मक आकलन और व्यवहारात्मक हस्तक्षेप सेवाएं और संशोधन प्राप्त होंगे, जो व्यवहार उल्लंघन को संबोधित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं ताकि यह फिर से न हो।

यदि कोई बच्चा ऐसी नियुक्ति में दस (10) दिनों की अवधि से ज्यादा रहता है, तो यह निर्धारित करने के लिए एक IEP

टीम की बैठक आयोजित की जानी चाहिए कि क्या बच्चे का दुराचार विकलांगता के कारण हुआ है। IEP टीम की यह बैठक तत्काल, यदि संभव हो, या स्कूल जिले के इस प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के निर्णय के दस (10) दिनों के भीतर होनी चाहिए।

माता-पिता के रूप में आपको इस IEP टीम के सदस्य के रूप में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। स्कूल जिले को दुराचार को संबोधित करने के लिए एक आकलन योजना विकसित करने की आवश्यकता हो सकती है या, यदि आपके बच्चे के पास व्यवहार हस्तक्षेप योजना है, तो योजना की समीक्षा करें और आवश्यकतानुसार संशोधित करें।

### यदि IEP टीम यह निर्धारित करती है कि दुराचार विकलांगता के कारण नहीं हुआ है तो क्या होगा?

यदि IEP टीम यह निष्कर्ष निकालती है कि दुराचार बच्चे की विकलांगता का प्रकटीकरण नहीं था, तो स्कूल जिला अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकता है, जैसे कि निष्कासन, उसी तरह जैसे कि किसी गैर-विकलांग बच्चे के लिए होता है। (20 USC 1415 [k] [1] और [7]; 34 CFR 300.530)

यदि आप IEP टीम के निर्णय से असहमत हैं, तो आप शीघ्र नियत प्रक्रिया सुनवाई का अनुरोध कर सकते हैं, जो उस तारीख के बीस (20) स्कूल दिनों के भीतर होनी चाहिए जिस दिन आपने सुनवाई का अनुरोध किया था। (20 USC 1415[k][2]; 34 CFR 300.531[c])

सेटिंग को ध्यान में लिए बिना स्कूल जिले को आपके बच्चे के लिए FAPE प्रदान करना जारी रखना चाहिए। वैकल्पिक शैक्षिक सेटिंग्स को बच्चे को सामान्य पाठ्यक्रम में भाग लेने की अनुमति देनी चाहिए और IEP में वर्णित सेवाओं और संशोधनों की निरंतरता सुनिश्चित करना चाहिए

(34 CFR
300.530; EC 48915.5[b])

## प्राइवेट (निजी) स्कूल में जाने वाले बच्चे

### क्या माता-पिता द्वारा निजी स्कूलों में रखे गए छात्र सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित विशेष शिक्षा कार्यक्रमों में भाग ले सकते है?

निजी स्कूलों में उनके माता-पिता द्वारा नामांकित बच्चे सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित विशेष शिक्षा कार्यक्रमों में भाग ले सकते हैं। निजी स्कूल के छात्रों को दी जाने वाली सेवाओं का निर्धारण करने के लिए स्कूल जिले को निजी स्कूलों और माता-पिता के साथ परामर्श करना चाहिए। हालांकि स्कूल जिलों में विकलांग छात्रों को FAPE की पेशकश करने की स्पष्ट जिम्मेदारी है, उन बच्चों को, जब उनके माता-पिता द्वारा निजी स्कूलों में रखा जाता है, उन्हें FAPE प्रदान करने के लिए आवश्यक कुछ या सभी विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्राप्त करने का अधिकार नहीं होता है।
(20 USC 1415[a][10][A]; 34 CFR 300.137 और 300.138; EC 56173)

यदि असाधारण जरूरतों वाले किसी व्यक्ति के माता-पिता ने जिसने पहले स्कूल जिले के अधिकार के तहत विशेष शिक्षा और संबंधित सेवाएं प्राप्त की हैं, वह बच्चे को स्थानीय शैक्षिक एजेंसी की सहमति के बिना या रेफरल के बिना, एक निजी प्राथमिक विद्यालय या माध्यमिक विद्यालय में नामांकित करते है तो, स्कूल जिले को विशेष शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता नहीं है, यदि जिले ने FAPE उपलब्ध कराया है। एक अदालत या एक नियत प्रक्रिया सुनवाई अधिकारी स्कूल जिले को विशेष शिक्षा और निजी स्कूल की लागत के लिए माता-पिता या अभिभावक की प्रतिपूर्ति करने की आवश्यकता

हो सकती है, केवल तो ही यदि अदालत या नियत प्रक्रिया सुनवाई अधिकारी यह पाते है कि स्कूल जिले ने बच्चे को निजी प्राथमिक विद्यालय या माध्यमिक विद्यालय में उस नामांकन से पहले समयबद्ध तरीके से FAPE को उपलब्ध नहीं कराया है और यह कि निजी प्लेसमेंट उपयुक्त है। (20 USC 1412[a][10][C]; 34 CFR 300.148; EC 56175)

### **प्रतिपूर्ति को कब कम या मना किया जा सकता है**?

अदालत या सुनवाई अधिकारी प्रतिपूर्ति को कम या मना कर सकते हैं यदि आपने अपने बच्चे को पब्लिक स्कूल से निकालने से पहले स्कूल जिले से नोटिस पर आकलन के लिए अपने बच्चे को उपलब्ध नहीं कराया था। आपको प्रतिपूर्ति के लिए तब भी मना किया जा सकता है यदि आपने स्कूल जिले को सूचित नहीं किया कि आप स्कूल जिले द्वारा प्रस्तावित विशेष शिक्षा प्लेसमेंट को अस्वीकार कर रहे हैं, जिसमें आपकी चिंताओं और सार्वजनिक खर्च पर एक निजी स्कूल में अपने बच्चे को नामांकित करने का इरादा शामिल है।

स्कूल जिले को आपका नोटिस निम्नलिखित में से एक तरीके से दिया जाना चाहिए:

- अपने बच्चे को पब्लिक स्कूल से निकालने से पहले जिस सबसे हालिया IEP टीम की बैठक में आपने भाग लिया था तब, या
- अपने बच्चे को पब्लिक स्कूल से निकालने से पहले स्कूल जिले को कम से कम दस (10) व्यावसायिक दिन (छुट्टियों सहित) पहले लिखित में। (20 USC 1412[a][10][C]; 34 CFR 300.148; EC 56176)

### **प्रतिपूर्ति को कब कम या मना नहीं किया जा सकता है**?

यदि आप निम्नलिखित में से किसी भी कारण से स्कूल जिले को लिखित नोटिस देने में विफल रहते हैं, तो अदालत या सुनवाई अधिकारी को आपकी प्रतिपूर्ति को कम या मना नहीं करना चाहिए:

- स्कूल ने आपको नोटिस देने से रोका
- आपको प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपायों के इस नोटिस की एक प्रति प्राप्त नहीं हुई थी या अन्यथा जिले को सूचित करने की आवश्यकता के बारे में सूचित नहीं किया गया था।
- नोटिस देने से आपके बच्चे को शारीरिक नुकसान होने की संभावना है
- निरक्षरता और अंग्रेजी में लिखने में असमर्थता ने आपको नोटिस देने से रोका, या
- नोटिस देने से आपके बच्चे को गंभीर भावनात्मक नुकसान हो सकता था (20 USC 1412[a] [10] [C];

34 CFR 300.148; EC 56177)

## राज्य शिकायत प्रक्रिया

### **मैं राज्य अनुपालन शिकायत कब दर्ज कर सकता/सकती हूं**?

आप एक राज्य अनुपालन शिकायत दर्ज कर सकते हैं जब आपको लगता है कि एक स्कूल जिले ने संघीय या राज्य विशेष शिक्षा कानूनों या विनियमों का उल्लंघन किया है। आपकी लिखित शिकायत में संघीय और राज्य विशेष शिक्षा कानूनों के कम से कम एक कथित उल्लंघन का उल्लेख होना चाहिए। उल्लंघन कैलिफ़ोर्निया शिक्षा विभाग (CDE) द्वारा शिकायत प्राप्त होने की तिथि से अधिकतम एक वर्ष से पहले नहीं हुआ होना चाहिए। शिकायत दर्ज करते समय, आपको शिकायत की एक प्रति स्कूल जिले को उसी समय अग्रेषित करनी चाहिए जब आप CDE के साथ राज्य अनुपालन शिकायत दर्ज

करते हैं। (34 CFR 300.51-153; 5 CCR 4600)

संघीय और राज्य विशेष शिक्षा कानूनों या विनियमों के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली शिकायतें यहां मेल (डाक) की जा सकती हैं:

California Department of Education
(कैलिफोर्निया शिक्षा विभाग)
Special Education Division (विशेष शिक्षा प्रभाग)
Procedural Safeguards Referral Service
1430 N Street, Suite 2401 (प्रक्रियात्मक
रक्षोपाय रेफरल सेवा 1430 एन स्ट्रीट, सुइट 2401)
Sacramento, CA 95814 (सैक्रामेंटो, सीए 95814)

संघीय या राज्य विशेष शिक्षा कानूनों या विनियमों द्वारा कवर **नहीं** किए गए मुद्दों से संबंधित शिकायतों के लिए, अपने जिले की समरूप शिकायत प्रक्रियाओं से परामर्श लें।

शिकायत दर्ज करने के तरीके सहित विवाद समाधान के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए, CDE, Special Education Division (विशेष शिक्षा प्रभाग), Procedural Safeguards Referral Service (प्रक्रियात्मक सुरक्षा उपाय रेफरल सेवा) का (800) 926-0648 पर टेलीफ़ोन से संपर्क करें; 916-327-3704 पर फ़ैक्स करें; या http://www.cde.ca.gov/sp/se पर CDE की वेब साइट की मुलाक़ात ले.

## इस अधिसूचना में प्रयुक्त संक्षिप्ताक्षरों की शब्दावली

| | |
|---|---|
| ADR | अलटेरनेटिव डिस्प्युट रेसोल्यूशन (वैकल्पिक विवाद समाधान) |
| CFR: | कोड ऑफ फेडरल रेग्युलेशन्स (संघीय विनियम संहिता) |
| EC | कैलिफोर्निया एज्यूकेशन कोड (कैलिफोर्निया शिक्षा संहिता) |
| FAPE | फ्री अप्रोप्रिएट पब्लिक एज्यूकेशन (मुफ्त उपयुक्त सार्वजनिक शिक्षा) |
| IDEA | इंडिविजल्स विथ डिसेबिलिटीस एज्यूकेशन एक्ट (विकलांग व्यक्ति शिक्षा अधिनियम) |
| IEP | इंडिविजलाइज्ड एज्यूकेशन प्रोग्राम (व्यक्तिगत शिक्षा कार्यक्रम) |
| OAH: | ऑफिस ऑफ एड्मिनिस्ट्रेटिव हियरिंग्स (प्रशासनिक सुनवाई कार्यालय) |
| SELPA: | स्पेशल एज्यूकेशन लोकल प्लान एरिया (विशेष शिक्षा स्थानीय योजना क्षेत्र) |
| USC: | यूनाइटेड स्टेट्स कोड (संयुक्त राज्य संहिता) |